हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 फरवरी, 2025

11 बेरी नप चुनाव को ईवीएम का रेंडमाइजेशन संपन्न



12 पार्षद मोहित का अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा





खबर संक्षेप

### समाजसेवी सतीश शर्मा को मातृ शोक

**बहादुरगढ़।** भारत विकास परिषद के जिला समन्वयक एवं पंडित लख्मीचन्द धर्मशाला समिति के महासचिव सतीश शर्मा की 73 वर्षीय मां शीला देवी का सोमवार को निधन हो गया। वे पिछले काफी समय से बीमार चल रही थी। लाइनपार स्थित श्मशान घाट में उनकी अंत्येष्टि हुई। उनके निधन पर विधायक राजेश जून, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, विधायक पवन खरखोदा, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, चेयरपर्सन सरोज राठी, पालेराम शर्मा, कर्मबीर राठी, कर्मबीर शर्मा, प्रवीण छिल्लर, राजेश तंवर, पवन जैन, सुनील बंसल, वीरेंद्र कौशिक, प्रवीण शर्मा, अनिल शर्मा, डॉ. मनीष शर्मा, रणधीर दहिया, जयकिशन दहिया, प्रवीण राठी, आशीष देशवाल समेत अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया।

### मंदिर में चोरी की वारदात

**बहादुरगढ़।** राम बाग परिसर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर ताले तोड़कर मंदिर में घुसे और दानपात्र से रुपये निकाल लिए। सुबह पुजारी जब मंदिर में आए तो वारदात का पता चला। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। पुजारी कान्हा शर्मा का कहना है कि मंगलवार सुबह जब वह मंदिर में आए तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर मंदिर में गए तो दान पात्र का भी ताला टूटा हुआ था। वह पूरी तरह से खंगाला गया था। उसमें से दानराशि गायब थी। इसके बाद मंदिर कमेटी और पुलिस को सूचना दी। दोपहर तक इस संबंध में केस दर्ज नहीं हो पाया था।

### अंतर-विश्वविद्यालय क्विज प्रतियोगिता में जामिया उपविजेता

**नई दिल्ली।** जामिया की क्विज टीम ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) द्वारा आयोजित 38वें अंतर-विश्वविद्यालय उत्तर-पश्चिम क्षेत्र युवा महोत्सव के दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता में उपविजेता का स्थान प्राप्त किया है। यह कार्यक्रम हरियाणा के हिसार में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया था, जिसमें उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के 22 प्रमुख विश्वविद्यालयों ने प्रतिभागिता की थी। विश्वविद्यालय के क्विज क्लब की क्विज टीम का प्रतिनिधित्व बीए प्रोग्राम के अंतिम वर्ष के छात्र यासिर अब्दुल्ला, बीए राजनीति विज्ञान के प्रथम वर्ष के छात्र अभिज्ञान शांडिल्य और एमए इंटरनेशनल एंड एरिया स्टडीज प्रोग्राम के अंतिम वर्ष के छात्र मोहम्मद अनस वीपी ने किया।

## डीएमसी ने नगर परिषद का निरीक्षण कर दी हिदायतें

# अधिकारी और कर्मचारी समय से ऑफिस आएं, जनता के काम करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जिला नगर आयुक्त का पदभार संभालने के बाद आईएएस सलोनी शर्मा पहली बार नगर परिषद में पहुंची। मंगलवार तड़के नप कार्यालय पहुंचते हुए उन्होंने हर कमरे का निरीक्षण किया। व्यवस्था में सुधार के लिए अधिकारियों को हिदायतें दी। इसके उपरांत लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में भी अधिकारियों की बैठक ली। डीएमसी बनने के बाद बहादुरगढ़ नगर परिषद पहुंची सलोनी शर्मा के औचक निरीक्षण से स्टॉफ में हडकंप मच गया। उन्होंने एक के बाद एक सभी कमरों में जाकर वर्तमान व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान अधिकारियों से कहा कि हर अधिकारी व कर्मचारी की सीट पर उसके नाम व पदनाम की प्लेट लगवाई जाए। उन्होंने प्रांगण में पड़े सामान को भी हटाने की हिदायत दी। इसके तुरंत बाद अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई के दौरान लाया गया सामान दमकल केंद्र में शिफ्ट कर दिया गया। ईओ के कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीएमसी सलोनी शर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी मिलजुलकर बढ़िया तरीके से जनता के काम करें। सुबह 9 बजे दफ्तर में आए और पूरा टाइम ईमानदारी से काम करें। इसके अलावा उन्होंने सेक्टर-9 में स्थित एक भू-भाग को लेकर नगर परिषद व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने शीघ्र उस विवाद का निपटारा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा आंदोलनरत सफाईकर्मचारियों का वेतन शीघ्र दिलवाने के लिए ठेकेदार की पेयमेंट अप्रूवल प्रोसेस पर चर्चा की। हालांकि करीब 2 घंटे की इस कार्रवाई के दौरान हड़ताल पर बैठे ठेकेदार के सफाई कर्मचारी लगातार नारेबाजी करते रहे।



बहादुरगढ़। नगर परिषद के निरीक्षण उपरांत बाहर निकलती डीएमसी सलोनी शर्मा।



बहादुरगढ़। कुलासी गांव में हुए कार्यक्रम में उपस्थित ब्रह्मकुमारियां।

# ब्रह्माकुमारियों ने कुलासी में मनाई शिव जयंती

## सरपंच ने सभी को शिव जयंती की बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की अग्रवाल कॉलोनी शाखा द्वारा गांव कुलासी में मंगलवार को शिव जयंती उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सरपंच गीता ने सभी को शिव जयंती की बधाई देते हुए कहा कि आध्यात्मिकता हमारे जीवन का आधार है। ग्रामीणों के साथ मिलकर परमपिता परमात्मा शिव का झंडा लहराया गया। सभी को भोग भी खिलाया गया। ब्रह्माकुमारी पूनम ने कहा कि इस समय परमपिता परमात्मा का अवतरण हो चुका है। हम शिव पर जो दूध चढ़ाते है, इसका अर्थ है कि दूध के समान निर्मल, स्वच्छ, पवित्र बनना है। आक के फूल चढ़ाना अर्थात अपनी बुराइयों रूपी अवगुणों को परमात्मा पर अर्पण करना है। बेर चढ़ाना अर्थात बैर–विरोध को खत्म करना है। बीके सुमन बहन ने भी शिव जयंती की बधाई दी। रिटायर्ड फौजी वेदपाल ने कहा कि त्योहार जीवन की उदासीनता और दुखों को दूर कर खुशियों से भर देते हैं। कप्तान और नरेश ने भी सभी गांव वालों को शिव जयंती की बधाई दी।

# 11 दिवसीय अखंड महायज्ञ में दी आहुति

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

सिद्ध पीठ श्री शिव शक्ति बाबा कालीदास धाम सांपला आश्रम में देवाधिदेव महादेव सदाशिव शंकर भगवान को समर्पित 11 दिवसीय अखंड महायज्ञ का आयोजन चल रहा है। इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत अनेक अतिथियों ने भी शिरकत की। भाजपा के बहादुरगढ़ चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य ओमवीर सिंह राठी ने भी मुख्यमंत्री के साथ महायज्ञ में पूर्णाहुति दी।



बहादुरगढ़। अखंड महायज्ञ में सीएम के साथ आहुति देते ओमवीर सिंह राठी।

# वार्षिक समारोह में वितरित किए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सैंट सोल्जर एमआर पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। टॉपरों को पुरस्कृत करने के साथ ही सभी विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल डायरेक्टर डॉ हरेंद्र दहिया व प्राचार्या मधु दहिया ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि वे बचपन से ही अंग्रेजी भाषा में निपुणता हासिल करें। आईईएलटीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर ही विदेश जाएं। विदेशों में विशेषज्ञों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किसी भी क्षेत्र में विशेष योग्यता जरूर हासिल करें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के उपरांत स्कूल डायरेक्टर डॉ हरेंद्र दहिया व प्राचार्या मधु दहिया द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। कक्षा पूर्व प्राथमिक में प्रियल, पार्थ छिल्लर व आरोही प्रथम रहे। कक्षा पहली में गौरवी व नैंसी, दूसरी में वंशिका, तीसरी में दक्ष व प्रतीक, चौथी में विनीता, पांचवी में शिवानी, छठी में रौशनी, 7वी में तेजस देव, 8वीं में वंशराज व नौवीं में कीर्ति ने प्रथम स्थान ग्रहण किया।





बहादुरगढ़। पुरस्कृत विद्यार्थियों के साथ हरेंद्र दहिया व मधु दहिया।

# प्रदेशभर के स्कूलों में मनाया जाएगा मातृभाषा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

भाषाई विविधता और सांस्कृतिक धरोहर के सरंक्षण बारे जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाएगा। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला द्वारा इस संबंध में राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी व जिला एफएलएन समन्वयक को भी अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी किए गए पत्र के अनुसार इस दिन विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व पर चर्चा तथा अपनी मातृभाषा को बचाने के लिए सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। कक्षा की गतिविधियों में विद्यार्थियों के लिए मातृभाषा में कविता व कहानी सुनाना, बोर्ड सजाना, नाटक की प्रस्तुति व मातृभाषा संबंधी खेल का आयोजन किया जाएगा। जारी निर्देशों में शिक्षकों से आह्वान किया गया है कि वे कार्यक्रम में अभिभावकों, एसएमसी सदस्यों को भी विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए आमंत्रित करें तथा इस दौरान की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की फोटो व वीडियो भी निपुण हरियाणा के अधिकारिक प्लेटफार्म पर अपलोड करें ताकि इन्हे प्रचारित किया जा सके।

### ये गतिविधियां रहेंगी शामिल

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को लेकर आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का सुझाव भी दिया गया है। जिनमें माता-पिता, अभिभावकों द्वारा कहानियां सुनाना, लोकगीतों का प्रदर्शन, मातृभाषा खेलों में कुछ शब्दों व वाक्यांशों का अनुवाद मातृभाषाओं में करना, शब्द मिलान खेल, मातृभाषा पर चर्चा, स्थानीय कवि या गायक से मातृभाष की विरासत पर चर्चा, मातृभाषा में बाल काव्य सम्मेलन, कहानी और कविताएं सुनाना, हिंदी भाषा में श्यामपट्ट सजाना, कहावतों के अर्थ व प्रासंगिकता स्पष्ट करना, लोक कथाओं पर आधारित नाट्य की प्रस्तुति, मातृभाषा में शब्द श्रृंखला आदि गतिविधियां शामिल हैं।

# डी प्लान से सुधरेगी चौपालों की हालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने बताया कि सैनीपुरा स्थित शिव मंदिर वाली चौपाल के लिए नायब सरकार ने डी-प्लान के तहत 20 लाख रुपए तथा सात बिसवा चौपाल के लिए साढ़े 15 लाख रुपए की राशि आवंटित की है। उन्होंने बताया कि जटवाड़ा मोहल्ला के 5 बिसवा चौपाल का नवनिर्माण स्थानीय लोगों ने अपने निजी कोष से करवाया था। जबकि 8 बिसवा चौपाल का निर्माण नगर परिषद ने करवाया था। हालांकि 7 बिसवा चौपाल की हालत खराब थी। अब नायब सरकार ने इन दोनों चौपालों की सुध लेने का निर्णय लिया है। उन्होंने डी-प्लान की राशि आवंटित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस मौके पर नवीन, राजपाल, नीरज, हरीश, पुनीत, ललित, राकेश, आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। सैनीपुरा की चौपाल दिखाते जसबीर सैनी। फोटो: हरिभूमि





झज्जर। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए सीटीएम रविंद्र मलिक।

# सीटीएम ने सुनी समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं

**झज्जर।** मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूप में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों पर चर्चा की गई। शिविर में सीटीएम रविंद्र मलिक ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों को समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्रदान करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

### बच्चों को तनाव से दूर रखने में मदद करेगा अस्पताल का पार्क

**नई दिल्ली।** लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएससी) के कलावती सरन बाल अस्पताल में बच्चों के लिए एक खुशी का माहौल बनाने की पहल की गई है। कॉलेज की निदेशक डॉ सरिता बेरी ने अस्पताल परिसर में एक बच्चों के लिए पार्क का उदघाटन किया। इस पार्क का मकसद बच्चों को अस्पताल में आने पर कुछ खुशनुमा पल देना है। देखा जाता है कि अक्सर बच्चे अस्पताल के माहौल से डर जाते है और उदास हो जाते है। इस पार्क में खेल-कूद और मनोरंजन की सुविधाएं होंगी, जिससे बच्चों का ध्यान बीमारी से हटकर सकारात्मक गतिविधियों में लगेगा। इस अवसर पर डॉ बेरी ने बताया कि बच्चों की मानसिक और भावनात्मक सेहत का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी है, जितना कि उनकी शारीरिक सेहत का। यह पार्क बच्चों के तनाव से दूर रखने और उन्हें खुशी देने में मदद करेगा। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इस पार्क बच्चों के लिए झूले, स्लाइड और दूसरे मनोरंजक उपकरण लगाए गए हैं।

# राम नाम के हीरे मोती, मैं बिखराऊ गली गली भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर परिसर में श्रीखेड़ापति रामायण मंडल द्वारा 81वें सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाराज मृत्युंजय गिरी, लाला ताराचंद जिंदल, उमाशंकर वशिष्ठ, रजनीश हरित, रुद्राक्ष हरित, विपिन राज वशिष्ठ, पंकज शर्मा, हर्ष डोगरा, विपिन राव, सोनू, सतीश चुघ, श्रवण शर्मा, दीपक दीक्षित, लोकेश सैन, गर्वित, संजय परुथी, उपेंद्र सोनी, सूबे सिंह हरित, संजय भाटिया, सिमरन भाटिया, कमला, प्रोमिला, राजबाला, इशिका, सिमरन, संतरा, आशा रानी, शीला देवी, भूषण चुघ आदि श्रद्धालुओं द्वारा सुंदरकांड पाठ के बाद हनुमान चालीसा एवं हनुमान अष्टक का पाठ किया गया। भजन संध्या के दौरान रजनीश हरित ने बाला जी मैंने नौकर रख ले, मन भा ग्या दरबार तेरा तेरे भवन में पड़ा रहूंगा बन के सेवादार तेरा.., उमा शंकर वशिष्ठ ने बनवारी रे जीने का सहारा तेरा नाम रे मुझे दुनिया वालों से क्या कम रे.., हर्ष डोगरा ने राम नाम के हीरे मोती, मैं बिखराऊ गली गली, ले लो कोई राम का प्यारा शोर मचाओ गली गली.., शीला देवी ने इतनी शक्ति दे दे बाबा करती रहु गुणगान तेरा तेरी भक्ति में ध्यान लाग जा यो ए है अरमान मेरा.., प्रोमिला ने हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं ये दुनिया वाले जलते है.. भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया।



झज्जर। बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर में सुंदरकांड पाठ करते हुए श्रद्धालु।



बहादुरगढ़। पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा नेता डॉ पंकज जैन।

### निकाय चुनाव में भी जीत का किया दावा

**बहादुरगढ़।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने कहा कि हरियाणा के निकाय चुनाव में भी कांग्रेस का पूरी तरह से सफाया होना तय है। मार्च में होने वाले चुनाव में जनता भाजपा उम्मीदवारों को जिताएगी। सभी शहरों में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद विकास रफ्तार से आगे बढ़ेगा। डॉ पंकज जैन ने कहा कि भाजपा कांग्रेस की तरह गुमराह करने के लिए झूठे वादे नहीं करती। सीएम नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा विकास के पथ पर तेज गति से बढ़ रहा है। देश व प्रदेश के राजनीतिक हालात बदल चुके हैं। भाजपा के सुशासन से हर वर्ग खुशहाल है।

## शहर के एक निजी स्कूल में भी बाल विवाह अधिनियम को लेकर विस्तार से चर्चा की

# माहवारी और बाल विवाह को लेकर किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

स्वास्थ्य सखी अभियान के तहत मंगलवार को एमडीडी आफ इंडिया, शिक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहरके राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन विषय पर जागरूक किया। शहर के एक निजी स्कूल में भी बाल विवाह अधिनियम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आशा वर्कर नीलम ने छात्राओं को बताया कि मासिक धर्म एक नियमित प्रक्रिया है। इससे डरने या घबराने की जरूरत नहीं है। आशा वर्कर उर्मिला ने कहा कि माहवारी के दौरान साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ओमवती ने कहा कि माहवारी के दौरान अपनी सेहत का ध्यान रखें तथा भरपूर पौष्टिक आहार लें। एमडीडी आफ इंडिया के जिला समन्वयक मनोज कुमार ने निजी स्कूल में उपस्थित विद्यार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तथा बाल श्रम अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया। पंकज दहिया ने कहा कि बाल विवाह को लेकर सभी को जागरूक होना होगा। इस अवसर पर स्कूल इंचार्ज हरपाल, पूनम, बिजेंद्र छिल्लर, संदीप, ओमप्रकाश, ओमवती, मंजू बंसल, अनिता, सविता, मीना, सीमा, रीना आदि मौजूद रहे।





बहादुरगढ़। कार्यक्रम में छात्राओं को जागरुक करते मनोज कुमार। फोटो: हरिभूमि

# मत्स्य पालन शिविर में किसानों को अनुदान और आधुनिक तकनीकों की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और किसानों को प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के उद्देश्य से राजकीय मत्स्य बीज फार्म में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में झज्जर, रेवाड़ी, रोहतक, सोनीपत और दादरी जिले के मत्स्य किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में लगभग 500 किसानों ने भाग लिया व करीब 100 किसानों के ऑनलाइन पंजीकरण पूरे किए। जिला मत्स्य अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना का मुख्य उद्देश्य मत्स्य पालन को बढ़ावा देना, किसानों की आमदनी में वृद्धि करना और भारत को ब्लू इकोनॉमी में आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के तहत किसानों को किफायती दरों पर मत्स्य बीज, उन्नत तकनीकों की ट्रेनिंग, अनुदान और बाजार से जुड़ाव जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।



झज्जर। शिविर में किसानों को जागरूक करते हुए मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी।

## खबर संक्षेप

### रास्ता रोककर मारपीट करने का आरोप

झज्जर : क्षेत्र के गांव कबलाना में एक व्यक्ति द्वारा बिरधाना निवासी एक युवक पर अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में कबलाना निवासी यादविंद्र ने बताया कि बीती सौलह फरवरी की दोपहर करी एक बजे जब वह मोटरसाइकिल पर अपने घर जा रहा था तो बीच रास्ते बिरधाना निवासी अमित व मोटरसाइकिल सवार उसके दो अन्य साथियों ने उसकी लाठी व डंडों व रॉड से पिटाई की। इस दौरान आरोपियों ने उसका हाथ तोड़ दिया। बाद में उसे परिजनों द्वारा उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्लाट में खड़ा गाड़ी का टिपर चोरी

झज्जर : धौड़ गांव के एक प्लाट से एक गाड़ी की टिपर चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में रमेश कुमार ने बताया कि उसके स्वर्गीय जीजा ईश्वर ने एक ट्रांसपोर्ट एंड ट्रेडिंग कंपनी खोल रखी थी तथा फर्म के नाम एक टिपर ले रखी थी। 17 दिसंबर 2023 को उनके देहांत के बाद वहीं गाड़ी की देख रेख कर रहा था। क्रेशर बंद होने के चलते उसने बीती एक फरवरी को गाड़ी के टिपर को गांव के एक प्लाट में खड़ा कर दिया था जबकि घोड़े को अपने पर खड़ा कर लिया था। जब वह सोमवार को प्लाट में पहुंचा तो वहां से टिपर चोरी हो चुका था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### खेत में बने स्टोर रूम से सामान चोरी

झज्जर : क्षेत्र के गांव खानपुर में खेत में बनाए गए स्टोर रूम से कृषि कार्य में प्रयोग किए जाना वाला सामान चोरी हो गया है। पुलिस को दी शिकायत में किसान पवन कुमार ने बताया कि उसके खेत में एक कमरा व स्टोर रूम बनाया गया है। सोमवार की रात को हमारे खेत में बने स्टोर रूम का ताला तोड़ कर सब मर्सिबल की मोटर की डोरी, हथोड़ी, चाबी, बिजली मीटर, मोटर सहित अन्य सामान चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित द्वारा गांव के ही एक युवक पर चोरी का शक भी जाहिर किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

दूसरे चरण का रेंडमाइजेशन राज्य चुनाव आयोग के शेड्यूल के अनुसार होगा

# बेरी नप चुनाव के लिए ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को बेरी नगर पालिका चुनाव को लेकर ईवीएम के प्रथम चरण के रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न की गई। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए ईवीएम का रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि राज्य चुनाव आयोग के नियमानुसार बेरी नगर पालिका चुनाव को लेकर तैयारियां चल रही हैं। ईवीएम रेंडमाइजेशन एक अहम प्रक्रिया है। जिसके जरिये ईवीएम का रैंडम तरीके से सॉफ्टवेयर के माध्यम से आवंटन होता है। बेरी में 14 वार्डों के लिए चुनाव होगा व पोलिंग स्टेशनों के लिए ईवीएम का आवंटन सॉफ्टवेयर रैंडम तरीके से करता है, यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है। उन्होंने बताया की प्रथम चरण के रैंडमाइजेशन को पूरा करते हुए डाटा लॉक कर दिया गया है। दूसरे चरण का रेंडमाइजेशन राज्य चुनाव आयोग के शेड्यूल के अनुसार आयोजित की जाएगी।



झज्जर। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न करवाते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया। फोटो :हरिभूमि

### शांतिपूर्ण चुनाव के लिए बेरी नप क्षेत्र में धारा 163 लागू

झज्जर। जिलाधीश प्रदीप दहिया ने बेरी नगर पालिका चुनाव के मद्देनजर बेरी नगर पालिका क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा सुरक्षा संहिता 2023 के तहत धारा 163 लागू की है। बेरी नगर पालिका चुनाव संपन्न होने तक धारा 163 लागू रहेगी। नगर पालिका की सीमा में व्यक्तियों के घातक हथियार, फायर आर्म, गंडासा, किरपाण, चाकू, कुल्हाड़ी, जेली, लाठी, साइकिल चेन आदि लेकर चलने पर पाबंदी लगाई गई है। आदेशों की अवहेलना करने वालों के भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### सार्वजनिक व निजी भवनों पर दीवार लेखन, पोस्टर बैनर, कटआउट, झंडे आदि लगाने पर प्रतिबंध

झज्जर। जिलाधीश प्रदीप दहिया ने नगर पालिका बेरी चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता व डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक



प्रोपर्टी एक्ट की पालन सुनिश्चित करने के लिए बेरी नगर पालिका क्षेत्र में धारा 163 के आदेश जारी किए हैं। निष्पक्ष चुनाव करवाने के मद्देनजर बेरी नगर पालिका क्षेत्र में सार्वजनिक व निजी भवनों पर दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर, कटआउट, झंडे आदि लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। निजी भवनों पर चुनाव प्रचार सामग्री लगाने के लिए भवन मालिक की निर्धारित फॉर्म में पूर्व अनुमति लेनी अनिवार्य होगी।

### निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सामान्य व पुलिस ऑब्जर्वर पहुंचे बेरी

झज्जर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा बेरी नगर पालिका के आम चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्षता से संपन्न करवाने के लिए सामान्य एवं पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए एचसीएस अधिकारी सतेंद्र दुहन को सामान्य पर्यवेक्षक व एचपीएस अधिकारी विजय सिंह को पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार दोनों अधिकारियों ने पर्यवेक्षक का कार्यभार संभाल लिया है। आमजन, मतदाता, प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता की अवहेलना से संबंधित शिकायत या मतदान प्रतिशत बढ़ाने आदि से संबंधित अपने सुझाव अनुसार सामान्य पर्यवेक्षक के समक्ष रख सकते हैं। सामान्य पर्यवेक्षक सतेंद्र दुहन एचसीएस से मोबाइल नंबर 9899125000 व पुलिस पर्यवेक्षक विजय सिंह एचपीएस से 9416107085 संपर्क किया जा सकता है।



झज्जर। मूर्ति स्थापना के दौरान आयोजित हवन कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु।

### पुराना बस स्टैंड परिसर स्थित मंदिर में हुई शिव परिवार मूर्ति की स्थापना

झज्जर। शहर के पुराने बस स्टैंड परिसर स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को शिव परिवार मूर्ति की स्थापना की गई। स्थापना से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा का आयोजन करते हुए शिवलिंग व शिव परिवार की प्रतिमाओं की नगर परिक्रमा कराई। इसके बाद आयोजित हवन कार्यक्रम में पंडित धर्मेश शास्त्री ने यज्ञमान पूनम देशवाल, विजय देशवाल, हिमांशु गोयल, विनोद छिक्कारा की मौजूदगी में मूर्ति स्थापना कराई। पंडित धर्मेश शास्त्री के अनुसार यह मंदिर वर्षो पुराना है। मंदिर की स्थापना के बाद स्थापित शिवलिंग एवं शिव परिवार धीरे-धीरे जीर्ण-शीर्ण अवस्था में आ गया था। अब मंदिर में पुराने शिवलिंग को बदलकर नए शिवलिंग एवं शिव परिवार की स्थापना की गई है। इस मौके पर साहिल, जितेंद्र, प्रियंका, स्नेहा, खुशी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए शिविर कल

झज्जर। क्षेत्र के गांव बिरधाना में वीरवार को दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए पंजीकरण एवं परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र के तहत यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पूरे जिले से कोई भी दिव्यांग व्यक्ति शिविर में हिस्सा ले सकता है। दिव्यांगों को परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड व दिव्यांग सर्टिफिकेट लाना होगा। जिसके आधार पर उन्हें सहायाता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि शिविर में पंजीकृत दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, वॉकर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे।

### रेखाचित्र के माध्यम से किया छत्रपति शिवाजी को याद

झज्जर। क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में मुकेश शर्मा व उनकी बेटी अंशुल शर्मा ने मिलकर भारतवर्ष के गौरव छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती की पूर्व संध्या पर उनका एक विशाल रेखाचित्र बनाया। मुकेश शर्मा ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे बहादुर, बुद्धिमानी, शौर्यवीर और दयालु शासक थे। इस चौपाल रंगोली में पूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार शर्मा, रामवतार शर्मा, रमेश कौशिक, नसीब कौशिक, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा, अलीशा शर्मा ने मौजूद रहकर छत्रपति शिवाजी महाराज को शत-शत नमन किया।



झज्जर। भदाना गांव की चौपाल में बनाया गया छत्रपति शिवाजी का रेखाचित्र।

# राहुल और प्रियंका को मिला सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार





झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान मटका दौड़ में प्रतिभा दिखाते हुए छात्राएं, होनहार प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि अनीता दलाल। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- विजेता छात्र-छात्राओं को प्राचार्य व मुख्यातिथि ने पुरस्कृत किया

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में 53वें वार्षिक खेल उत्सव का समापन हुआ। खेल उत्सव का शुभारंभ प्राचार्य नसीब सिंह ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल को खेल की भावना से प्रेरित किया। इस दौरान दौड़, जंप व थ्रो की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 5000 मीटर की दौड़, लोंग जंप, हाईजंप, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, थ्री लेग रेस, लेमन रेस व मटका रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉक्टर अनीता दलाल प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय छारा व विशिष्ट अतिथि डॉक्टर संजय देशवाल सहायक प्रोफेसर भूगोल राजकीय महाविद्यालय छारा शिरकत की। प्राचार्य डॉक्टर अनीता दलाल ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया खेल में वर्तमान समय में अवसरों व लाभों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को प्राचार्य व मुख्यातिथि ने पुरस्कृत किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए लड़कों में बीए प्रथम वर्ष के राहुल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। लड़कियों में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियंका को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।

### दर्दनाक हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क क्रॉस कर रहे प्रवासी किशोर की मौत

झज्जर। शहर के सांपला रोड स्थित फ्लाईओवर के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल सड़क क्रॉस कर रहे एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान यूपी के बहराइच जिला निवासी करीब तेरह वर्षीय शफ्तार अली पुत्र अली अहमद के तौर पर हुई है। अस्पताल परिसर में मौजूद जूस विक्रेता विशाल ने बताया कि उनका साथी हनीफ शहर के सांपला रोड फ्लाईओवर के नजदीक फ्रूट जूस की रेहड़ी लगाता है। शफ्तारअली कुछ दिन पहले ही यहां अपने चाचा हनीफ से मिलने आया था। सोमवार की रात करीब आठ बजे जब वह रोड क्रॉस कर रहा था तो उसे एक गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद जब लोगों की भीड़ एकत्रित हुई तो हनीफ को भी दुर्घटना का पता चला। इसके बाद घायल शफ्तार अली को गिरावड़ के निजी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने उपरांत पुलिस ने मेडिकल कॉलेज पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया और उसके परिजनों को हादसे की सूचना दी। देर सांय तक परिजनों के न पहुंच पाने के कारण मृतक के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सका।



झज्जर। अस्पताल परिसर में परिजनों के आने का इंतजार करते हुए जूस विक्रेता।

### अग्रसेन महिला कालेज की छात्राओं ने किया खेड़ी खुम्मार गांव का शैक्षणिक भ्रमण

झज्जर। महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेविकाओं को सड़क सुरक्षा नियमों, ईपीजी पाठशाला, डिजीलॉकर व विद्वान एप बारे जानकारी दी गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनु बरवड़ ने बताया कि शिविर की शुरूआत मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करने उपरांत एनएसएस गीत व प्रार्थना से हुई। योगा ट्रेनर हरमेश बंसल ने स्वयंसेविकाओं को योगाभ्यास कराया। इसके उपरांत ट्रैफिक पुलिसकर्मी सतीश कुमार ने स्वयंसेवी छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों व सारथी एप बारे विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए। पुस्तकालय अध्यक्षा डॉक्टर मोनिका गुप्ता द्वारा तकनीकी कौशल से अवगत कराते हुए ईपीजी पाठशाला, डिजीलॉकर व विद्वान एप बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सांय के सत्र में छात्राओं को निकटवर्ती गांव खेड़ी खुम्मार के राजकीय उच्च विद्यालय जोहड़ आदि का भ्रमण कराया गया। इस दौरान ग्राम सरंपच राजकुमार द्वारा स्वयंसेविकाओं को जोहड़ बारे जानकारी दी गई।




झज्जर। राजकीय उच्च विद्यालय खेड़ी खुम्मार के सामने ग्राम सरपंच के साथ एकत्रित शिक्षक एवं स्वयंसेविकाएं। फोटो :हरिभूमि

निर्माण | संबंधित फर्म द्वारा निर्माण कार्य भी तेजी से किया जा रहा

# नीम आली कॉलोनी के लोगों को जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात, नाले का निर्माण कार्य शुरू

- शहर के विकास के लिए सभी विभागों के आलाधिकारियों के साथ योजना बनाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। नीम आली कॉलोनी क्षेत्र में किया जा रहा नाले का निर्माण कार्य। फोटो :हरिभूमि

अबकी बार मानसून के दौरान शहर की नीम आली कॉलोनी के लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। नगर परिषद द्वारा नीम आली कॉलोनी में जलभराव की समस्या के निदान के लिए नाले का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है। संबंधित फर्म द्वारा निर्माण कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। जिसके कारण लोग भी आशावित दिखाई दे रहे है कि उनकी पुरानी समस्या का समाधान होने जा रहा है। नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने बताया कि नाले का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है। नाले के निर्माण में करीब एक करोड़ अस्सी लागत आएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीद है कि मानसून से पहले ही नाले का निर्माण कार्य हो जाएगा। उनका प्रयास यहीं है कि आमजन को किसी तरह की समस्या न हो। उन्होंने बताया कि शहर के विकास के लिए सभी विभागों के आलाधिकारियों के साथ योजना बनाई जा रही है। जल्द ही योजनाओं को मूर्त रूप दिया जाएगा। आमजन को बेहतर सुविधा देना और शहर का सौदर्यकरण करवाना उनकी प्राथमिकता है। बता दें कि शहर की नीम आली कॉलोनी में जलभराव की समस्या बहुत पुरानी है। स्थिति यह है कि यहां बरसात के दिनों में दो से तीन फीट तक पानी भर जाता है। जिसके कारण बरसात के दिनों में लोग अपने घरों में कैद होकर रह जाते है, वहीं स्कूली विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। इस क्षेत्र में बनी दुकानों के संचालकों को भी दुकानें बंद करने पर मजबूर होना पड़ता है। लोगों का कहना है कि नाले निर्माण कार्य शुरू होने से उन्हें उम्मीद जगी है कि अबकी बार जलभराव की समस्या से उन्हें छुटकारा मिलेगा।

**Office of the Assistant Registrar Cooperative Societies Near Shiv Mandir, SaraiAuragnabad, Beri Bahadurgarh Road, Bahadurgarh-124507**

email id: arcsbahadurgarh@gmail.com — Tel. No.: 01276-244214

To — D.No. 225 RK-I/ARB/Date 17/2/2025

The Secretary,
The Defence Personel Cooperative Housing Societies Ltd. Bahadurgarh
Teh. Bahadurgarh Distt. Jhajjar

Sub:- Election programme for the election of the Managing Committee of the Defence Personnel Cooperative Housing Societies Ltd. Balour.

Memo:-
Please find enclosed herewith three copies of the list of voters of the Defence Personel Cooperative Housing societies ltd. Balour teh. Bahadurgarh Distt. Jhajjar duly approved by the undersigned the list of voters and election programme should be exhibited at the regd. Office of the society and on the notice board of my office as per election programme given below:-

| S.No. | Particulars | Date | Time | Place |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Exhibition of list of voters as required under sub para (2) of rule 35. | 19/02/2025 to 21/02/20252. | 9 A.M to 5 P.M. | 1. In the regd. Office of society and in the arear of Operation of the society 2. A.R.C.S Bahadurgarh 3. Other common places. |
| 2 | Hearing of objection to the list of voters as required under sub para(4) of rule 35. | 27/02/2025 | 10 A.M to 2 P.M. | A.R.C.S office Bahadurgarh. |
| 3 | Filling of nomination papers | 13/03/2025 | 10 A.M. to 2 P.M. | A.R.C.S office Bahadurgarh |
| 4 | Scrutiny of Nomination papers | 17/03/2025 | 10 A.M. to 2 P.M. | A.R.C.S office Bahadurgarh |
| 5 | Display of list of validity nominated candidates | 17/03/2025 | 10 A.M. to 2 P.M. | A.R.C.S office Bahadurgarh |
| 6 | With drawl of nomination papers | 19/03/2025 | 10 A.M. to 2 P.M. | A.R.C.S office Bahadurgarh |
| 7 | Allocation of symbols | 19/03/2025 | 4:00 P.M | A.R.C.S office Bahadurgarh |
| 8 | Display of the list of contesting candidates | 19/03/2025 | 4:30 P.M | A.R.C.S office Bahadurgarh |
| 9 | Taking of poll, if necessary | 29/03/2025 | 8 AM to 04:00 P.M | 1. In the premises of community center Sainik Nagar, Bahadurgarh. |

The secretary of the Defence Personel Cooperative Housing societies ltd. Balour alongwith the election programme U/R 36(1) of the Haryana Cooperative Society election rule 1989 and amended Rule 2007 & Act 2013 for strict compliance. The Secretary of the society appointed as election Manager.

**Note: One seat is reserved for SC, two seats reserved for women and one seat reserved for BC if BC member are more than 10%. For fair and transparent election all voters are directed to bring with them their identity proof for voting.**

**-Sd./-(Birender Singh), Returning Officer-cum-Assistant Registrar, Cooperative Societies, Bahadurgarh**

# अमेरिका से डिपोर्ट होकर आए दीपक ने एजेंट के खिलाफ कराया केस दर्ज

## आरोपी एजेंट ने दीपक से 53 लाख से अधिक रुपये लिए, दबिश दे रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अमेरिका से डिपोर्ट होकर रोहद गांव का दीपक रुहिल अपने घर लौट आया है। यहां आते ही उसने परिजनों को आपबीती सुनाई और पुलिस को भी अमेरिका जाने से लेकर भारत लौटने तक के पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उसने आरोपी एजेंट के खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर अपने 53 लाख रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है। आसौदा थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं केस दर्ज कर लिया है। आरोपी एजेंट की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमों ने दबिश देनी शुरू कर दी है।

### प्लॉट बेचकर गया था

दरअसल, रोहद का निवासी दीपक अमेरिका जाना चाहता था। इस चाह को पूरा करने के लिए उसने प्रयास शुरू किए। यहां तक कि अपना प्लॉट तक बेच दिया। इसी दौरान उसकी मुलाकात बसाना गांव के निवासी एजेंट रवि उर्फ मोंटी से हुई। दीपक के अनुसार, रवि ने अमेरिका भेजने का खर्चा 53 लाख बताया और पूरी जिम्मेदारी ली। सहमति के बाद उसने अपने दस्तावेज रवि को दिए। रवि ने बताया कि तुम्हारा वीजा आ जाएगा। जब स्पेन पहुंच जाओगे तो आधी और फिर आधी पेमेंट मैक्सिको के तिजुआना पहुंचकर करनी होगी।

### आधा दर्जन देशों के रास्ते अमेरिका भेजा

दीपक का कहना है कि दस्तावेज देने के कुछ समय बाद रवि ने फोन कर बताया कि तुम्हारा माल्टा का वीजा लगा है। चूंकि पेड वीजा है तो हवाला कटवाना है, इसलिए तुम्हें 20 लाख देने होंगे। उसने अपनी मां के खाते से 20 लाख रुपये निकलाकर चार दिसंबर को रवि को दे दिए। फिर 19 दिसंबर को आरोपी ने किसी के हाथों पासपोर्ट भिजवाया और कहा कि शाम को चार बजे से दिल्ली से दुबई की फ्लाइट है। रवि ने अपने एक साथी का नंबर भी दिया। दुबई पहुंचा तो वहां कुछ देर ठहरने के बाद मुझे इस्तांबुल का टिकट दिया गया। इस्तांबुल गया तो वहां से रवि के एजेंट ने मैड्रिड स्पेन का टिकट भेज दिया।

### एजेंट ने पहचानने से कर दिया इनकार

स्पेन मैड्रिड पहुंचने पर एल साल्वाडोर की टिकट दी। वहां एक होटल में रुका। गत 26 दिसंबर को रवि का डोंकर मुझे एक ग्वाटेमाला ले गया। फिर 29 दिसंबर को मैक्सिको ले गया। उसी दिन यूएसए में एंट्री करा दी। तब यूएस पुलिस ने मुझे पकड़ लिया और कैंप में डाल दिया। गत 14 फरवरी को यूएस आर्मी ने डिपोर्ट किया। मैंने 16 फरवरी को यहां आकर एजेंट रवि के पास कॉल की तो उसने पहचानने से इनकार कर दिया। इस तरह से आरोपी ने धोखाधड़ी कर मुझ से 53 लाख 54 हजार 300 रुपये ऐंठ लिए।

### गलत तरीके से विदेश न जाएं

रोहद का दीपक यूएसए से डिपोर्ट होकर आया है। उसकी शिकायत पर एजेंट रवि पर केस दर्ज किया है। एजेंट ने डोंकी के जरिये उसे अमेरिका भिजवाया था। आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी के साथ साथ और कौन कौन शामिल है, ये पता लगाकर पर्दाफाश किया जाएगा। युवाओं से यही अपील है कि किसी के झांसे या लालच में न आएं। गलत तरीके से विदेश न जाएं। *-आईपीएस मयंक मिश्रा, डीसीपी, बहादुरगढ़।*

### फर्जी ट्रैवलिंग एजेंसी से सावधान रहें



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान जागरूक करते जिला पुलिस आयुक्त।

झज्जर। जिला पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने गांव गुढा में नशा व अपराध मुक्त अभियान के तहत ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उन्हें नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। वहीं नशे की गर्त में फंसा युवा अपना और अपने परिवार का जीवन बर्बाद कर देता है। इसलिए सभी जागरूक लोगों को फर्ज बनता है कि गांव व अपने आसपास क्षेत्र में युवाओं को नशा न करने के लिए प्रेरित करें और कोई नशीला पदार्थ बेचता है तो उसकी सूचना पुलिस को दे ताकि उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई की जा सके। उन्होंने युवाओं को फर्जी ट्रैवलिंग एजेंसी से सावधान रहने के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। बहुत से मामलों मे फर्जी एजेंट आम लोगों को अवैध तरीके से सीमावर्ती दूसरे देशों में भेज देते है और वहां से जगंलों, समुंद्री रास्तों, सड़क मार्ग द्वारा पैदल, नावों, कंटेनरों द्वारा अवैध तरीके से सीमा पार करवाते है। इस यात्रा के दौरान बहुत से लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। बहुत से मामलों में अवैध तरीके से विदेश गए लोगों के पासपोर्ट आदि दस्तावेज अपराधियों द्वारा छीन लिए जाते है और उनसे डरा धमका कर गलत कार्य करवाए जाते है। इसलिए ऐसे भ्रामक विज्ञापनों से बचकर रहे। थोड़ी सी सावधानी आपको ठगी का शिकार होने से बचा सकती है।

## खबर संक्षेप



### जसौरखेड़ी कॉलेज में ब्यूटी वर्कशॉप जारी

**बहादुरगढ़।** गांव जसौरखेड़ी के राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा ब्यूटीशियन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का आयोजन महाविद्यालय प्रभारी डॉ संदीप किराड़ और महिला कोषठ प्रभारी डॉ पूनम द्वारा किया गया। यह वर्कशॉप 17 से 25 फरवरी तक चलेगी। विशेषज्ञ रामा दास ने छात्राओं को ब्यूटी टिप्स दिए। दिनभर त्वचा को साफ रखने के तरीके समझाए। इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में बताया। सेल्फ ग्रूमिंग के क्षेत्र खूब संभावनाएं हैं।

### गांव कसार में कंपनी के बाहर से बाइक चोरी


**बहादुरगढ़।** गांव कसार में स्थित एक कंपनी के बाहर से बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। लाइनपार के निवासी अनिल का कहना है कि वह कसार में स्थित एक कंपनी में काम करता है। सोमवार को वह ड्यूटी पर गया था। बाइक कंपनी के बाहर खड़ी कर दी। शाम को जब कंपनी से बाहर निकला तो बाइक नहीं मिली।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**बहादुरगढ़।** रोहतक, दिल्ली रेल मार्ग पर छोटूराम नगर के नजदीक ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतका की पहचान सीता देवी के रूप में हुई है। मूलतः दिल्ली से आदर्श एंक्लेव से थी। फिलहाल यहां छोटूराम नगर में रह रही थी। जानकारी के अनुसार, सोमवार को वह कहीं से लौट रही थी। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पर गाड़ी की चपेट में आ गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर जीआरपी बहादुरगढ़ से टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# ठगी : टास्क के नाम पर पूर्व कर्मचारी को 17 लाख की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त एक शख्स के साथ साइबर ठगी की वारदात हो गई। साइबर ठगों ने टास्क के नाम पर पूर्व कर्मचारी को 17 लाख से अधिक रुपयों की चपत लगा दी। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। वारदात शिवदत्त के साथ हुई है। शक्ति नगर के निवासी शिवदत्त का कहना है कि वह सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त है। कुछ दिन पहले मेरे फोन पर पार्ट टाइम जॉब के लिए एक लिंक मैसेज आया। मैंने उस पर क्लिक किया तो मुझे एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया। एक शख्स का मोबाइल नंबर देकर बात करने के लिए कहा गया। उन लोगों ने एक वेबसाइट दी और कहा कि यदि इसके टास्क पूरे करते हो तो प्रोफिट मिलेगा। गत 22 जनवरी को उन्होंने एक खाते में रुपये जमा कराए। प्रोफिट के साथ मेरे खाते में रुपये वापस आ गए। इस तरह से मेरा विश्वास उन पर हो गया। वे मुझसे रुपये जमा करवाते रहे और प्रोफिट दिखाते रहे। इस तरफ से मेरी तरफ से लाखों रुपये चले गए। जब मैंने रुपये निकालने चाहे तो नहीं निकले। फिर उन लोगों ने मुझ से बात करना ही बंद कर दिया। जिसके बाद ठगी का आभास हुआ। इस तरह से शातिरों ने 17 लाख 9 हजार 645 रुपये की चपत लगा दी।

# आरटीजीएस का नाम लेकर खाते से 9 लाख उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शातिर साइबर ठगों ने महिला के पास एक लिंक भेज दिया। जैसे ही महिला ने लिंक पर क्लिक किया तो उसके खाते से 9 लाख रुपये की निकासी हो गई। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सेक्टर-6 के निवासी वीरेंद्र की पत्नी के साथ हुई है। वीरेंद्र का कहना है कि 13 फरवरी की दोपहर करीब डेढ़ बजे उनकी पत्नी के पास एक नंबर से कॉल आई। कॉलर ने कहा कि आपके खाते से कुछ दिन पहले आरटीजीएस हुआ था। उस संबंध में एक लिंक भी अपने मोबाइल से शातिर ने भेजा। मेरी पत्नी ने जैसे ही उस लिंक पर क्लिक किया तो खाते से 9 लाख रुपये की निकासी हो गई। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उधर, साइबर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# महिला की मौत पर हंगामा, हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव जसोरखेड़ी में लिव इन मे रह रही एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटकता हुआ मिला। महिला की मौत पर उसके परिजनों ने हंगामा कर दिया। महिला के पार्टनर पर हत्या का आरोप लगाया। मामला शांत कराने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई घंटे बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने को सहमत हुए। मृतका की पहचान प्रीति के रूप में हुई। दिल्ली के बेगमपुर की रहने वाली थी। जानकारी के अनुसार, उसकी शादी पहले कर्मवीर से हुई थी लेकिन फिलहाल वह जसोरखेड़ी निवासी पिंटू के साथ लिव इन में रह रही थी। पिंटू से उसकी चार माह की बेटी है। सोमवार की रात प्रीति की मौत हो गई। बताया गया कि उसने फांसी लगाई। इसके बाद आसौदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका के परिजनों को भी बुलाया गया।

### मंगलामुखी भी आए, फोटो को लेकर पुलिस से बहस

सिविल अस्पताल में मृतका के परिवार के साथ मंगलामुखी समाज के लोग भी आए। उनका आरोप था कि प्रीति की हत्या की गई है। इसके बाद वे पोस्टमार्टम हाउस के अंदर से शव के फोटो लेना चाहते थे, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने इसकी इजाजत नहीं दी तो उनमें रोष पनप गया। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस का दरवाजा पीटना शुरू कर दिया। पुलिस से भी बहस हुई। पुलिस के काफी समझाने के बाद देर शाम को परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। हालांकि पोस्टमार्टम के बाद भी परिजनों ने नाराजगी जाहिर की और शव लेने से इनकार कर दिया। उधर, पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# पार्षद मोहित का अनशन दूसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विकास कार्यों में हो रहे भेदभाव को लेकर पार्षद मोहित राठी द्वारा नगर परिषद पर शुरू किया गया आमरण अनशन दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। कई पार्षदों समेत सामाजिक संस्थाओं ने उन्हें समर्थन देकर नगर परिषद की कार्यप्रणाली की आलोचना की। मंगलवार को पार्षद जितेंद्र राठी, बिजेंद्र दलाल, संदीप दहिया, सचिन दलाल, विशाल गर्ग, भूपेंद्र राठी व संजीव मलिक भी अनशन को समर्थन देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि अढ़ाई साल के कार्यकाल के दौरान उनके वार्डों के साथ भेदभाव बरता जा रहा है। ना तो विकास कार्यों के टेंडर लगाए जा रहे हैं और न ही बोर्ड की बैठक बुलाई जा रही है। पार्षद मोहित राठी ने बताया कि वार्ड नंबर 13 समेत कई वार्डों के विकास में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। यहां न तो टेंडर लगाए गए हैं और न ही समस्याओं के समाधान की तरफ चेयरपर्सन का कोई ध्यान है। बहादुरगढ़ के कई वार्डों की हालत बदहाल है। चेयरपर्सन व संबंधित अधिकारियों को बार-बार लिखित व मौखिक शिकायत देने के बाद भी समस्याएं बरकरार है। आमरण अनशन के दूसरे दिन चेयरपर्सन या अधिकारियों के वहां नहीं पहुंचने से उनके समर्थकों में रोष व्याप्त है। मोहित ने कहा कि उनका अनशन लोगों की समस्याओं का हल होने तक लगातार जारी रहेगा। इस दौरान उनका स्वास्थ्य बिगड़ता है तो चेयरपर्सन व अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी।



बहादुरगढ़। नगर परिषद के गेट पर अनशन करते मोहित राठी व अन्य।

# लाइन लीक होने से व्यर्थ बह रहा पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एक तरफ शासन और प्रशासन जल ही जीवन है का नारा बुलंद करता है। वहीं दूसरी तरफ सड़कों पर पेयजल व्यर्थ बहता है। इसी प्रकार के नजारे मंगलवार को शहर में कई स्थानों पर देखने को मिले। मंगलवार को शहर के विश्वकर्मा मार्ग तथा ड्रेन रोड पर पेयजल लाइन टूटने से ऐसा ही नजारा दिखा। जी हां, विश्वकर्मा रोड पर अग्रसेन पार्क के नजदीक पेयजल आपूर्ति की मुख्य पाइप लाइन अचानक लीक हो गई। पानी



फव्वारे की भांति सड़क पर बर्बाद बहता रहा। काफी देर बाद संबंधित विभाग के कर्मचारी लीकेज ठीक करने के लिए मौके पर पहुंचे। ड्रेन रोड पर भी एचएनजी गेट के नजदीक पेयजल सप्लाई लाइन में अचानक लीकेज हो गई। जिसके कारण पेयजल व्यर्थ बहता रहा। लोगों द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंचे कर्मचारी लीकेज रिपेयर में जुट गए। इससे पहले हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया। इसके चलते क्षेत्रवासियों को समस्या का सामना करना पड़ा। धर्मपुरा समेत कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति भी ठप हो गई।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी के खाते से उड़ा लिए दो लाख 94 हजार रुपये

**बहादुरगढ़।** इलाके में साइबर ठगी की वारदात लगातार बढ़ रही हैं। अब यहां एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी के साथ वारदात हो गई। शातिर ने उनको दो लाख 94 हजार 330 रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सेक्टर 2 के निवासी परमानंद के साथ हुई है। परमानंद का कहना है कि गत 12 फरवरी को उनकी पत्नी के पास एक कॉल आई। कॉल वाईफाई से संबंधित थी। कॉलर ने रिफंड के लिए मेरी पत्नी से मेरा नंबर मांग लिया। फिर मेरे पास व्हाट्सएप कॉल आई और बैंक संबंधित जानकारी मांगी। इसके बाद मेरे खातों से 98 हजार 110 रुपये की तीन बार ट्रांजक्शन हुई। इस तरह से मेरे खाते से दो लाख 94 हजार 330 रुपये निकल गए। इसके बाद ठगी का आभास हुआ। शातिर ने धोखाधड़ी से हमारे साथ यह वारदात की है। उधर, साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संदीप बने डिवीजन कार्यकारिणी के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



मंगलवार को अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक सर्कल ऑफिस परिसर में हुई। संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान डिवीजन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। संघ के जिला सचिव नीरज ढुल ने बताया कि बैठक में भारतीय मजूदर संघ से संगठन मंत्री पवन कुमार, प्रदेश उपाध्यक्षा छोटा गहलावत व अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कंवरपाल ने मुख्य रूप से शिरकत की। सर्व सम्मत्ति द्वारा गठित कार्यकारिणी में संदीप सिवाच को अध्यक्ष, सुंदर को उपाध्यक्ष, जितेंद्र को कोषाध्यक्ष, संदीप कुमार को सह कोषाध्यक्ष, सोमबीर को सचिव, मोहित को सह सचिव, प्रवेश कुमार को संगठन मंत्री, खजान सिंह को कार्यालय सचिव व सतपाल तथा मंदीप को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। संदीप सिवाच ने संघ के पदाधिकारियों व कर्मचारियों को विश्वास दिलाया कि वे एक्ट 2024 को लागू करने व संगठन के विस्तार का प्रयास करेंगे।


हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़

झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर

फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900


### चार महीने से वेतन नहीं मिलने से रोष

# दूसरे दिन भी सफाई कर्मी हड़ताल पर



बहादुरगढ़। नगर परिषद के गेट पर धरनारत सफाई कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

चार महीने से वेतन न मिलने से आहत सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी है। मंगलवार को दूसरे दिन भी कर्मचारियों ने नगर परिषद के गेट पर धरना देकर नारेबाजी की। कर्मचारी अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। उन्होंने वेतन न मिलने तक हड़ताल जारी रखने का एलान किया है। हड़ताल के चलते शहर में सफाई व्यवस्था प्रभावित है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। दरअसल, बहादुरगढ़ नगर परिषद में ठेके के अधीन काफी कर्मचारी कार्यरत हैं। इनका आरोप है कि ठेकेदार द्वारा समय पर वेतन नहीं दिया जाता। अब भी बीते चार माह से उनका वेतन अटका हुआ है। वेतन के संबंध में अधिकारी से लेकर चेयरपर्सन आदि सभी से गुहार लगा चुके हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही।

पिछली दफा जब हड़ताल पर गए तो तब चेयरपर्सन ने आश्वासन दिया था। लेकिन वह आश्वासन पूरा नहीं हुआ। इस कारण उन्हें दोबारा हड़ताल करनी पड़ी।

### जब तक वेतन नहीं मिलेगा, काम पर नहीं लौटेंगे

वेतन न मिलने के कारण अपना घर चलाने में बहुत मुश्किल हो रही है। जब तक हमें वेतन नहीं मिलेगा, काम पर नहीं लौटेंगे। उधर, हड़ताल के चलते शहर में सफाई व्यवस्था प्रभावित होने लगी हैं। जगह, जगह गंदगी के ढेर लगने लगे हैं। शहर के लोगों का कहना है कि इस समस्या का हल निकाला जाना चाहिए। निर्धन कर्मचारियों को उनका वेतन दिलाना चाहिए ताकि वे काम पर लौट सकें और शहर की स्वच्छता प्रभावित न हो। अनिल, राजेंद्र, बिमला, कृष्णा, सरोज, रामरति, उषा, पुष्पा, राजकुमार आदि इस अवसर पर मौजूद थे।

# राजकीय महाविद्यालय में दिखाई प्रतिभा



बहादुरगढ़। राजकीय कॉलेज में रंगोली बनाती छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्राचार्या सुमन हुड्डा की अध्यक्षता में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम संयोजक प्रो जागृति मेहता की देखरेख में विद्यार्थियों ने उत्साह दिखाया। प्राचार्या सुमन हुड्डा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पहले दिन मंगलवार को रंगोली, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, कविता भाषण, श्लोक उच्चारण आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दूसरे दिन बुधवार को संगीत, नृत्य, नाटक आदि गतिविधियां होंगी। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से एकता एवं सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यार्थियों ने सभी का मन मोह लिया। प्राचार्या सुमन हुड्डा ने कहा कि किताबी शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी जरूरी है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलते हैं। प्रो अमित छिकारा, प्रो राजीव दहिया, प्रो नीतू कटारिया, प्रो विकास शौकिन व प्रो मिनाक्षी कालरा ने कार्यक्रम सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।